लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने दी प्रिया मलिक को बधाई

नई दिल्ली, 24 जुलाई, 2021: हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व कैडेट रेसलिंग में स्वर्ण पदक जीतने पर लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने प्रिया मलिक को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला ने अपने ट्वीट में प्रिया मलिक को बधाई देते हुए लिखा कि ''बुडापेस्ट में आयोजित विश्व कैडेट रेसलिंग में स्वर्ण पदक जीतने पर बेटी प्रिया मलिक को ढेरों शुभकामनाएं। मीराबाई चानू की सफलता के बाद यह एक और पल है जिसने हम भारतीयों को आनंदित-प्रफुल्लित कर दिया है। आने वाले दिनों में भी खिलाड़ियों की स्वर्णिम सफलता के समाचार हमें मिलें, यही कामना है।''